# प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के आसार

**मौसम**

**8 - 21 फरवरी तक आसान नहीं होगी उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों की राह**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में आज से 21 फरवरी तक बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। ऐसे में 500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर सड़कें बंद रहेंगी। बर्फ जमने से सड़कें फिसलन भरी होंगी। कहीं-कहीं अवरोध भी उत्पन्न हो सकता है। बिजली-पानी की समस्या भी परेशान कर सकती है।

हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों के नजदीक प्रतिष्ठानों और बस्तियों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। बारिश और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने एवं ओलावृष्टि की संभावना है।मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी इलाकों में कुछ स्थानों पर शीत दिवस की स्थिति बनी रहने की संभावना है। आज उत्तराखंड में 2800 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम बर्फबारी के आसार हैं तो 20 से 21 फरवरी तक 2500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

इन जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना-

19 फरवरी को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर जिले में भारी बारिश की संभावना है, तो 21 फरवरी को टिहढ़ी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर, हरिद्वार जिले में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और ओलावृष्टि की संभावना है।

मौसम विभाग की सलाह, तैयार रखें बर्फ हटाने वाली मशीन-

मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने मौसम के पांच दिवसीय पूवार्नुमान का अलर्ट जारी किया है। राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों को सलाह दी है कि वे लगभग 2500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फ हटाने वाली मशीन तैयार रखें। लोग वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, क्योंकि बर्फ के कारण सड़कें फिसलन भरी होंगी।

पावर बैकअप की रखें वैकल्पिक व्यवस्था, पहाड़ी इलाकों में सावधानी से चलें-

आम लोगों को सलाह दी गई है कि वे पहाड़ों में बिजली की विफलता और ठंड की स्थिति को सहने के लिए पावर बैकअप की वैकल्पिक व्यवस्था करें। साथ ही भोजन और दवा, प्राथमिक चिकित्सा किट का भी पर्याप्त भंडार रखने की सलाह दी है। पहाड़ी इलाकों में यात्रा करने वाले लोगों को सलाह दीगई है कि वे फिसलन वाले इलाकों में सावधानी से चलें और बर्फ वाले इलाकों में सड़क साफ होने का इंतजार करें।

ऊनी कपडे.पहनें, पशुओं का भी रखें ख्याल-

ठंड से बचाव के लिए लोगों को मोटे कपड़े की एक परत के बजाय ढीली फिटिंग, हल्के वजन और गर्म-ऊनी कपड़ों को पहनने की सलाह दी है। घरेलू पशुओं के लिए चारे का स्टॉक रखें और उन्हें ढके हुए आश्रयों में रखें।

# टीचर्स एक्सिलेंस अवार्ड 2024 का आयोजन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
हिमगिरि जी विश्वविद्यालय में टीचर्स एक्सिलेंस अवार्ड 2024 का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में 120 से ज्यादा अध्यापकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इसे एडमिशन विभाग के आरके मिश्रा ने किया था, जिसमें हिमगिरि जी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से शिक्षकों में उत्साह की भावना जागती है और शिक्षकों का सम्मान सबसे बड़ा सम्मान होता है। इसके अलावा डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. वीणा हाडा एवं डॉ. मीनाक्षी वर्मा ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इन्होंने कहा कि अगर हमें विकसित भारत की संकल्पना करनी है तो नैतिक शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा पर भी बल देना होगा। कार्यक्रम के आखिरी में कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिमगिरि जी यूनिवर्सिटी का आभार प्रकट किया।

## न्यूज फ्लैश

### शादी में की हर्ष फायरिंग करने पर मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकद्मा दर्ज किया है। इस हर्ष फायरिंग में एक महिला गोली लगने से घायल हो गई थी।

बीती 15 फरवरी को कोतवाली रुड़की को क्षेत्र के ग्राम बरहमपुर में शादी समारोह में अज्ञात व्यक्ति द्वारा फायर किए जाने की सूचना मिली। इस पर कोतवाली रुड़की पुलिस ने मौके पर जाकर घटना के संबंध में जानकारी की। इस हर्ष फायरिंग में शशि पत्नी सुभाष निवासी आदर्श नगर के दो जगह छर्रे लगे, परंतु रिश्तेदारी होने के कारण आयोजक ने घटना को पुलिस से छुपाते हुए हर्ष फायरिंग करने वाले को वहां से भगा दिया। साथ ही अन्य रिश्तेदार व घायल महिला को भी घटना के विषय में पुलिस से कुछ न बताने को कहा। मामला एसएसपी के संज्ञान में आने पर उन्होंने तत्काल प्रभारी निरीक्षक को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली रुड़की पुलिस ने शादी समारोह के आयोजक ललित गिरी निवासी ग्राम बरहमपुर रुड़की व फायर करने वाले एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

### नगर निगम निर्मित दुकानदारों के हितों का ध्यान रखे निगम: सेठी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर निगम किरायेदार व्यापारियों ने नगर आयुक्त वरुण चौधरी को ज्ञापन सौंपकर किराए के साथ लगाए गए 18 प्रतिशत जीएसटी हटाए जाने और किराया आगामी वर्षों तक स्थिर रखने की मांग की। साथ ही उन्होंने कई जगह जर्जर दुकानों की मरम्मत करने का भी आग्रह किया।

जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि नगर निगम के लगभग 484 दुकानदारों के किराए बढ़ाने के साथ जीएसटी भी लगाया गया है, जो उचित नही है। क्योंकि कोरोना के बाद से ही व्यापारी आर्थिक तंगी झेल रहा है। पिछले 3 सालों से किस्तों के भार से अब जाकर कहीं व्यापारी को कुछ राहत की उम्मीद सीजन से लगी है, जिससे वो आर्थिक संकट से उभर सके। उन्होंने कहा कि ऐसे में छोटे दुकानदारों पर किराए के साथ साथ जीएसटी लगाकर उन पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। इसलिए सभी व्यापारियों को राहत देते हुए इस अनावश्यक कर को किराए से हटाया जाए। आगामी कुछ वर्षों तक किराया स्थिर रखा जाए एवं दुकानों के नाम परिवर्तन प्रक्रिया को भी शुरू किया जाए।

महामंत्री नाथीराम सैनी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रीत कमल ने कहा कि नगर निगम द्वारा व्यापारियों के हित में 484 दुकानदारों पर जो जीएसटी लगाई गई है। उसको इसलिए हटाया जाना चाहिए। वर्षों पुराने दुकानदार जैसे-तैसे नगर निगम की निर्मित दुकानों में स्वयं ही मरम्मत करवाकर अपने परिवारों का पालन पोषण कर रहे हैं। कई बार मंदी के कारण 6 माह तक किराया भी बड़ी मुश्किल से जमा करवाया जाता है। अब मंदी से उभरने के समय पर अनावश्यक भार व्यापारियों को परेशान कर रहा है।

ज्ञापन सौंपने वालों में पंकज माटा, सुनील मनोचा, सोनू चौधरी, एसएन तिवारी, राकेश सिंह, पवन पांडे, दीपक कुमार, मनोज ठाकुर, अनिल कुमार, भूदेव शर्मा, प्रेम राज सिंह, पारस अग्रवाल उपस्थित रहे।

### चोरी करने के इरादे से घूम रहे चार गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी के इरादे से घूम रहे चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों के पास से एक-एक कटर बरामद किया है। कोतवाली नगर पुलिस को कांगडा पुल के नीचे हरकी पैडी के पास चोरी के इरादे से घूम रहे चार आरोपितों के संबंध में सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर चारों के पास से एक-एक कटर बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम व पते अनुराग पुत्र दीपक निवासी गली नं. 02 मोहल्ला गोंड चौक सलेमपुर नई दिल्ली, ललित कश्यप पुत्र शोभाराम निवासी रामलीला ग्राउण्ड के पास भीमगोडा, हरिद्वार, गौरव गुंसाई उर्फ भोला पुत्र चांदप्रकाश निवासी जोगिया मण्डी हरिद्वार व अर्जुन पुत्र सुरेश निवासी बैरागी कैम्प थाना कनखल जनपद हरिद्वार बताए। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# गुलदारों ने बाइक सवार युवकों पर किया हमला

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बहादराबाद में अलीपुर रोड पर देर रात पुरानी राइस मिल के पास बाइक सवार युवकों पर दो गुलदारों ने हमला कर दिया। गुलदारों के हमले में एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

बताया जा रहा है कि अलीपुर रोड पर तीन बाइक सवार काम से अपने घर लौट रहे थे। जब वह इंटर कॉलेज के पास बनी पुरानी राइस मिल पहुंचे तो गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। गनीमत रही की इसी दौरान पीछे से आ रही कार की वजह से गुलदार युवकों को छोड़कर भाग निकला। युवकों ने बताया कि एक साथ दो गुलदारों ने मोटरसाइकिल पर हमला किया।



इसमें लाखन पुत्र संजीव निवासी इब्राहिमपुर गंभीर रूप से घायल हो गया।इस सम्बंध में रोहालकी किशनपुर उप प्रधान मनोज चौहान ने वन विभाग से गश्त लगाने एवं गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार क्षेत्र में ऐसी घटना हो चुकी हैं। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

# पैठाणी क्षेत्रवासियों ने खिलाफ मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद पौडी गढ़वाल के पैठाणी क्षेत्र की जनता ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिलाधिकारी पौडी से खंड शिक्षाधिकारी थलीसैंण विवेक पंवार के खिलाफ शिकायत की और उनके कार्य व्यवहार की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में खंड शिक्षाधिकारी पर राजनैतिक विद्वेष की भावना से काम करने का आरोप है। लोगों का कहना है कि वे पार्टी विशेष के नेता के दबाव में शिक्षा का माहौल खराब कर रहे हैं। आरोप है कि खंड शिक्षाधिकारी थलीसैंण लंबे समय से राजनैतिक विद्वेष की भावना से कार्य कर न केवल अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर



रहे हैं, बल्कि निजी शिक्षण संस्थानों के संचालकों को बेवजह परेशान कर रहे हैं। यह भी आरोप है कि खंड शिक्षाधिकारी मनमर्जी से शिक्षकों का स्थानांतरण व निलंबन कर रहे हैं। इससे शिक्षकों में भी रोष है। पौड़ी गढ़वाल के खर्कसारी ढाइजूली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजेश चमोली ने बताया कि इनके खिलाफ पूर्व में भी शिकायत की गई परंतु राजनैतिक संरक्षण के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे गरीब परिवारों के बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

**आंदोलन की चेतावनी-**

नौनिहालों के भविष्य के मद्देनजर पैठाणी क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी से खंड शिक्षाधिकारी थलीसैंण के कार्य व्यवहार की जांच कर कार्रवाई की मांग की। साथ ही कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी, जिसकी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग एवं शासन-प्रशासन की होगी।

# गुमशुदा लड़की को पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने दस दिन पूर्व गुमशुदा हुई लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। लड़की की सकुशल बरामदगी पर परिजनों ने पुलिस को आभार जताया।

ग्राम मलकपुर शहसू जिला बिजनौर हाल निवासी रोशनाबाद सिडकुल, हरिद्वार ने थाना सिड़कुल में 5 फरवरी को अपनी 18 वर्षीय पुत्री के दोस्तों के संग 21 जनवरी को कहीं चले जाने के संबंध में तहरीर देकर उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी थी।

पुलिस ने लड़की की तलाश करते हुए उसे आज सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने लड़की को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



## जनजागरुकता के लिए छात्रों के बीच पहुंची पुलिस

**हरिद्वार**
साइबर खतरों और सड़क सुरक्षा के संबंध में जनता को जागरूक करने के लिए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल के निर्देश पर आज थाना कलियर पुलिस द्वारा उत्तरांचल यूनिवर्सिटी बाजूहेड़ी, रुड़की में साइबर संस्कार सेमिनार आयोजित किया।पुलिस टीम की तरफ से एसआई हेमदत्त भारद्वाज ने यूनिवर्सिटी के स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सोशल मीडिया अवेयरनेस, साइबर क्राइम एवं आईटी एक्ट के प्रावधानों के बारे में जानकारी देने के साथ ही सड़क सुरक्षा एवं कैरियर बिल्डिंग के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

# भरत मंदिर इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर आवास विकास के बीच हुआ मैत्रीपूर्ण मैच



**मैत्रीपूर्ण मैच**

**8 श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज की तरफ से भगवती जोशी 55 रन और विकास ने 57 रनों की पारी खेली**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज ऋषिकेश और सरस्वती विद्या मंदिर आवास विकास के बीच हुए मैत्रीपूर्ण मैच में श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज ऋषिकेश के क्रीड़ा मैदान में खेला गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज ऋषिकेश के कप्तान मेजर गोविंद सिंह रावत के नेतृत्व में 209 रन का लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए आवास विकास विद्या मंदिर 198 रन बनाकर 13 रनों से पराजित हुई। श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज ऋषिकेश की तरफ से भगवती जोशी 55 रन और विकास नेगी ने 57 रनों की शानदार पारी खेली, लेफ्टिनेंट लखविंदर सिंह के द्वारा शानदार 25 रनों और विकेट कीपिंग के द्वारा विपक्षी टीम के दो खिलाड़ियों को रन आउट कर मैच का पैसा पलटा गया।

टीम में उप कप्तान रंजन अंथवाल, प्रवीन रावत ,अजय कुमार, संजीव कुमार ,सुनील थपलियाल ,दीपक भारद्वाज किशन थापा के द्वारा शानदार खेल का प्रदर्शन किया गया और आवास विकास विद्या मंदिर के द्वारा कप्तान अनिल भंडारी के नेतृत्व में खेले गए मैच में विपिन डोभाल ने सबसे अधिक शतकीय पारी 114 रन खली इसके अलावा टीम में सुजल बडोला राजेश शर्मा करणपाल वीरेंद्र कंसवाल नरेश गिरी राजू शर्मा संदीप शर्मा मनमोहन आदि उपस्थित थे।

# हल्दापानी भूस्खलन प्रभावितों ने बतायी अपनी परेशानी

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के नगरपालिका परिषद के हल्दापानी में एक लंबे समय से हो रहे भूस्खलन के ट्रीटमेंट के उपयोग में लाई जा रही मशीनों की कंपन से घरों में दरारे बढ़ने को लेकर आक्रोशित परिवारों ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर समाधान की मांग की है।



बदरीनाथ के विधायक राजेंद्र भंडारी के नेतृत्व में भूस्खलन प्रभावित परिवारों का एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी चमोली से मिला। प्रभावित परिवारों के अनिता देवी, देवेश्वरी देवी, आशा देवी का कहना है कि भूस्खलन प्रभावित हल्दापानी के भूस्खलन जोन का ट्रीटमेंट का कार्य भारी भरकंप मशीनों से ड्रिलिंग कर किया जा रहा है जिसका नतीजा यह हो रहा है कि इन मशीनों की कंपन से भवनों में दरारें और अधिक बढ़ गई है, जिससे इन घरों में रहना जान जोखिम में डालने जैसा है। साथ ही ड्रिलिंग से सीवरेज लाइन के पाइप भी क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इस कारण सीवरेज का गंदा पानी भी लोगों के घरों में घूस रहा है। ऐसे में ट्रीटमेंट से सुविधा होने के बजाय लोगों को और अधिक समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस समस्या का समाधान किये जाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो प्रभावित परिवारों को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।ज्ञापन देने वालों में अनिता देवी, देवेश्वरी देवी, आशा देवी, रोशनी थपलियाल, प्रीति नेगी, गोदाम्बरी देवी, मीना देवी, रेखा देवी, माहेश्वरी देवी, विनिता देवी आदि मौजूद थे।

# डीएम ने संचालित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में आगामी मई माह से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर संचालित सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्यो को यात्रा से पहले प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए।



जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले बिजली-पानी की आपूर्ति सुचारु की जाए। जिलाधिकारी ने एचआईडीसीएल, बीआरओ तथा लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में यात्रा मार्ग एवं वैकल्पिक मार्गो पर संचालित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करें। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में ट्रीटमेंट, मलबा निस्तारण के साथ सड़क डामरीकरण का कार्य किया जाए। एसडीएम, पुलिस एवं परिवहन अधिकारी यात्रा मार्ग का संयुक्त निरीक्षण करते हुए संवेदनशील स्थलों को ठीक कराना सुनिश्चित करें। यात्रा मार्ग पर शौचालयों की मरम्मत के साथ सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाए। कही पर अतिरिक्त शौचालय बनाने की आवश्यकता हो, तो तत्काल इसका काम शुरू किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर सड़क बंद होने की संभावना रहती है उसके दोनों तरफ यात्रियों के भोजन के लिए पर्याप्त मात्रा में ड्राइ राशन एवं फूड पैकेट का भंडारण किया जाए। ताकि श्रद्धालुओं को सुलभता से भोजन की व्यवस्था की जा सके।

जिलाधिकारी ने बदरीनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी निर्देशित किया कि बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर आने जाने वाले क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग का निर्माण किया जाए। जल संस्थान को मास्टर प्लान निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की मरम्मत और स्वच्छ पेयजल के लिए पर्याप्त संख्या में वाटर एटीएम लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट, नए पार्किंग स्थलों के चयन, आवास एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साइनेज के साथ संचार व्यवस्था को सुदृढ किया जाए। यात्री पंजीकरण, टोकन काउंटर, ईको शुल्क के लिए पाण्डुकेश्वर में व्यवस्था की जाए।

यात्रा मार्ग पर बेसिक मेडिकल उपकरणों सहित चिकित्सकों की तैनाती के लिए सीएमओ को अभी से प्लान तैयार करने को कहा। पंजीकृत वाहनों की फिटनेस तथा ग्रीन कार्ड निर्गत किए जाने के लिए परिवहन विभाग को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

# दुपहिया वाहन चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की दो बाइक और मंदिर में चोरी किया घंटा बरामद किया है।

क्षेत्र में वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए लक्सर कोतवाली पुलिस ने टीम का गठन किया था। इसके बाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र से एक संदिग्ध को पकड़ा, जिसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर एक और बाइक तथा मंदिर में चोरी किया पीतल का घंटा बरामद किया।



आरोपित ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने बाइक को कुछ दिन पूर्व भिक्कमपुर व सुल्तानपुर से चोरी की थी। साथ ही वहीं मन्दिर से एक पीतल का घन्टा भी चोरी किया था। आरोपित ने अपना नाम व पता सोनू उर्फ उमंग वर्मा पुत्र स्व. नरेश वर्मा निवासी हाल किरायेदार राजकुमार शर्मा मकान नं. 182 सुभाषनगर कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# हिमालयन बास्केट से खुलेंगे बाजार के द्वार, कारीगर भरेंगे समृद्धि की उड़ान

**वर्चुअल शुभारंभ**

**8 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चंपावत में हिमालयन बास्केट का वर्चुअल शुभारंभ किया।**





**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चंपावत में हिमालयन बास्केट का मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हिमालयन बास्केट की शुरूआत वर्ष 2018 में सुमित और स्नेहा थपलियाल ने की थी। सुमित पेशे से इंजीनियर और स्नेहा मार्केटिंग पेशेवर हैं। देवभूमि से होने के कारण दोनों हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कुछ अलग करना चाहते थे।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि दोनों ने डेरी, खेती और उनके पहलुओं से संबंधित विकल्पों पर विचार कर हिमालयन बास्केट की स्थापना का निर्णय लिया। हिमालयन बास्केट के तहत दूध, हल्दी, पुदीना जैसे कृषि उत्पाद खरीदकर इनसे अलग-अलग उत्पाद बनाकर विदेशों में सप्लाई करते हैं। उत्पाद बनाने के लिए 200 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। हिमालयन बास्केट से अंतरराष्ट्रीय बाजार के द्वार खुलेंगे ही, हुनरमंद कारीगरों को अलग पहचान मिलेगी और वे समृद्धि की उड़ान भरेंगे। उन्होंने कहा कि दूध से बनने वाले उत्पाद 'चुरपी' और 'घी' की अधिक डिमांड है। चुरपी गाय के दूध से बना एक विशेष कठोर पनीर है। दोनों ने उत्तराखंड में इसके उत्पादन का बीड़ा उठाया है।
आदर्श उत्पाद के साथ आदर्श चंपावत बनाने का संकल्प-
मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन की मदद से दोनों को बागवानी कोल्ड स्टोर लीज पर मिला है। जो लोग इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं, सरकार उन्हें प्रोत्साहित

# राज्यपाल ने अपनी पुस्तक 'आत्मा के स्वर' उपराष्ट्रपति को की भेंट



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को अपनी कृति 'आत्मा के स्वर' भेंट की। नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सोमवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने उन्हें अपनी पुस्तक 'आत्मा के स्वर' और 'देवभूमि संवाद' भेंट की।

## सभी पुलिस और अधिकारियों से भी की जायेगी पूछताछ

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
बनभूलपुरा दंगे की जांच कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत कर रहे हैं। इस घटना के दौरान मौजूद सभी पुलिस, नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों-कर्मियों से भी पूछताछ की जाएगी ताकि जांच में पूरी निष्पक्षता हो।
आयुक्त ने बताया कि सभी अधिकारियों को उनके द्वारा नोटिस भेज दिए गए हैं और इस सप्ताह में उन सभी अधिकारियों से अलग-अलग दिन पूछताछ होगी। उनसे लिखित जवाब भी मांगा जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता के लिए भी घटना से जुड़े साक्ष्य पेश करने की बात कही है।

# स्थानान्तरित अधिकारियों, कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त करें : डीजीपी

**बैठक**

**8 लोकसभा निर्वाचन 2024 को सकुशल कराने के लिए पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा निर्वाचन 2024 को सकुशल कराने के लिए पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक में निर्देश दिये गये कि जिन कर्मचारियों, अधिकारियों के स्थानांतरण हो चुके हैं, उनको तत्काल कार्यमुक्त किया जाये। यह निर्देश सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक अभिनव कुमार ने दिए।
आगामी लोकसभा निर्वाचन, 2024 को सकुशल कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अभिनव कमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड ने पुलिस मुख्यालय में वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से परिक्षेत्र प्रभारियों एवं समस्त जनपद प्रभारियों के साथ बैठक आहूत की थी। बैठक में निर्देश दिये गये कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों का स्वयं गहनता से अवलोकन कर निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार जनपदों का पुलिस बल का व्यवस्थापन प्लान तत्काल तैयार कर लिया जाये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लाइसेन्सी शस्त्रों के सम्बन्ध में निर्गत निदेर्शों एवं शस्त्र अधिनियम में प्रावधानित प्रावधानों का गहनता से अवलोकन कर उसके अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करायी जाये। निर्वाचन डयूटी में लगने वाले पुलिस बल का मैनुअल के अनुसार समय से प्रशिक्षण पूर्ण करा लिया जाये।
पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने निर्देश दिये कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा निदेर्शों के अनुरूप अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण किये जा चुके हैं अथवा नहीं, सुनिश्चित कर लें और जिन कार्मिकों के स्थानान्तरण हो चुके हैं, उनको तत्काल सम्बन्धित जनपद/इकाई हेतु कार्यमुक्त कर दे। साथ ही थाना प्रभारी की नियुक्ति के समय निरीक्षक/उपनिरीक्षक की वरिष्ठता को ध्यान में रखे जाने के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्गत निदेर्शों का पालन सुनिश्चित किया जाये। भविष्य में धरने/प्रदर्शन आदि करने वालों से वार्ता कर उन्हें शान्तिपूर्वक प्रदर्शन किये जाने से अवगत कराया जाये। सड़क जाम करने वालों के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई सम्पादित करायी जाये। चुनाव के दौरान राज्य में आने वाले वीवीआईपी/वीआईपी को प्रदत्त सुरक्षा श्रेणी के अनुसार त्रुटि रहित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम किसान सम्मान निधि के लिए ग्राम सभा में लगने वाले शिविर में करवायें ई-केवाईसी

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए ग्राम सभा स्तर पर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि जनपद के सभी किसानों को आगामी किस्त का लाभ देने के लिए 21 फरवरी तक कृषि विभाग की ओर से कृषकों की ई-केवाईसी की जानी है।
भारत सरकार की ओर से इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के सहयोग से किसानों के बैंक खातों को आधार से लिंक तथा कॉमन सर्विस सेन्टर के सहयोग से किसानों के पंजीकरण एवं ई-केवाइसी को पूर्ण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना में उन्हीं किसानों को पात्र माना जाएगा जिनके पास खेती योग्य भूमि हो, बैंक खाता आधार से लिंक हो और उनकी केवाईसी पूर्ण हो चुकी हो। ऐसे किसान जिनकी ई-केवाईसी लंबित हैं वे कैंप में अपना ई-केवाईसी करा लें ताकि उनको योजना का लाभ दिया जा सके। अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय एवं नजदीकी सीएसी सेन्टर से संपर्क कर सकते हैं।

### डा. अजय मलिक बने स्क्वैश प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव एवं प्रभारी, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग डा. अजय मलिक को भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्क्वैश प्रतियोगिता के लिए ऑब्जर्वर बनाया है।
एआईयू के संयुक्त सचिव डा. बलजीत सिंह सेखों की ओर से इस आशय का पत्र डा. अजय मलिक को भेजा गया है। एआईयू द्वारा इस वर्ष नेशनल, जोनल यूनिवर्सिटी स्क्वैश महिला एवं पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन सौम्या विद्या विहार विश्वविद्यालय, मुम्बई द्वारा 20 व 23 फरवरी तक मुंबई में किया जा रहा है। डा. अजय मलिक ने बताया कि नेशनल, जोनल यूनिवर्सिटी स्तर की प्रतियोगिताओं में अनुशासन एवं खिलाड़ियों की अन्य तकनीकी एवं विषमताओं के त्वरित निदान के लिए एआईयू के प्रतिनिधि के रूप में ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। ऑब्जर्वर द्वारा प्रतियोगिता अवधि में मानकों एवं प्रतिभागी टीमों के कुशलता स्तर का अवलोकन करके एआईयू को रिपोर्ट के माध्यम से सूचना भेजने का काम एआईयू ऑब्जर्वर का होता है।
एआईयू ऑब्जर्वर बनाये जाने पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सोमदेव शतान्शु, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, डीन, योग एवं शारीरिक शिक्षा प्रो. सुरेन्द्र कुमार, डीन, मानविकी संकाय प्रो. प्रभात कुमार, सदस्य क्रीडा परिषद डा. शिवकुमार चौहान, वित्ताधिकारी प्रो. देवेन्द्र कुमार गुप्ता, प्रो राकेश कुमार जैन, प्रो. विवेक गुप्ता, रजनीश भरद्वाज, नरेन्द्र मलिक, दीपक वर्मा, डा. पंकज कौशिक, प्रमोद कुमार, कुलभूषण शर्मा, हेमन्त सिंह नेगी, प्रकाश तिवारी सहित अन्य शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने बधाई दी।

### मौसम ने बदली करवट : एक बार फिर से बढ़ी ठंड, ऊंचाई वाले स्थानों पर हो रही बर्फबारी

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में एक बार फिर से मौसम ने करवट बदली है। जहां एक-दो दिन पूर्व जिले में मौसम सुहावना था और हल्की सी गर्माहट भी होने लगी थी, लेकिन अचानक रविवार की रात्रि से मौसम ने कर-वट बदली और ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी होने लगी। इससे जिले में एक बार फिर से ठंड बढ़ने लगी है।
रविवार से मौसम कुछ बदला-बदला सा होना शुरू हो गया था। सोमवार को सुबह हल्की धूप और बादल छाये थे लेकिन अपराह्न बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। बर्फबारी भी शुरू हो गई है। बर्फबारी और बारिश के कारण ठंड भी बढ़ने लगी है। चमोली जिले के बदरीनाथ, हेमकुंड, औली, चोपता, वेदनी, रूपकुंड सहित तमाम ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी हो रही है। निचले हिस्सों में बरसात के कारण ठंड शुरू हो गई है। ठंड के चलते लोग घरों में दुबकने लगे हैं।

# बारिश के चलते केवल 9 फरियादी पहुंचे डीएम के दरबार में



**निर्देश**

**8 डीएम ने शिकायतों का तय समय के भीतर समाधान करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए**

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
बारिश के चलते सोमवार को डीएम मयूर दीक्षित के जनता दरबार में मात्र 9 फरियादी ही पहुंचे। जिनकी समस्याओं का डीएम ने मौके पर ही निस्तारण किया। डीएम ने शिकायतों का तय समय के भीतर समाधान करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।
हर सोमवार को कलेक्ट्रेट में लगने वाले जनता मिलन कार्यक्रम में तहसील गजा के ग्राम मैधार पट्टी क्वीली के शूरवीर सिंह ने बताया कि टीएचडीसी ने उनकी भूमि पर बिना अनुमति के भवन निर्माण किया है।
इस पर डीएम ने एसडीएम नरेन्द्रनगर को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिये।
विकासखण्ड चम्बा के ग्राम साबली के हरदेव बहुगुणा ने एनएच निर्माण के दौरान खेत कटान का प्रतिकर भुगतान की मांग पर सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ढुंगीदार निवासी जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय ने ढुंगीदार क्षेत्र में सीवर लाईन के अवरुद्ध होने की शिकायत की। इस पर डीएम ने जल संस्थान को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसके अलावा विद्युत बिल माफ करने व पुनर्वास से सम्बन्धी मांग के फरियादी भी पहुंचे। जिनकी शिकायतों पर डीएम ने सम्बन्धित विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।
इस मौके पर एडीएम केके मिश्रा, पीडी डीआरडीए योगेश उपाध्याय, डीएचओ आरएस वर्मा, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, डीएसटीओ साक्षी शर्मा, एलडीएम मनीष मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल, ईई पुनर्वास धीरेन्द्र नेगी, ईई लोनिवि जगदीश खाती आदि मौजूद रहे।

## बद्रीनाथ धाम, औली, नीती और माणा घाटियों में जोरदार हिमपात शुरू

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम विभाग का पूर्वानुमान एक बार फिर सही साबित हुआ है। श्री बद्रीनाथ धाम, फूलों की घाटी, औली, हेमकुंड साहिब-लोकपाल सहित नीती-माणा घाटियां एक बार फिर बर्फ से लकदक हो गई हैं।
सुबह से ही मौसम बदला हुआ था। दोपहर होते होते उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश शुरू हो गई। श्री बद्रीनाथ धाम में अब तक करीब आधा फिट ताजा हिमपात हुआ है, जबकि करीब चार फीट बर्फ पहले से ही जमीं थी। विश्व विख्यात हिमक्रीड़ा केन्द्र औली में भी बर्फबारी शुरू होने से स्कीइंग प्रेमियों व पर्यटकों के चेहरे खिल उठे हैं।

# मोटर मार्ग निर्माण के आंदोलन के समर्थन में व्यापार भी उतरा, दिया धरना

**धरना**

**8 -नौली-धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों को धरना दसवें दिन भी जारी**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के विकासखंड पोखरी के विनायक धार में नौली-धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर चल रहा जनप्रतिनिधियों का धरना दसवें दिन भी जारी रहा। धरने के समर्थम में पोखरी के व्यापारियों ने भी अपना समर्थद दिया और धरने पर बैठे रहे।
व्यापार संघ अध्यक्ष बीरेंद्र राणा ने कहा नौली-धोतीधार मोटर मार्ग को लेकर चल रहे धरने को व्यापार संघ का पूरा समर्थन है। उन्होंने कहा कि इस मोटर मार्ग का निर्माण होने से पोखरी पर्यटन से जुड़ जाएंगे इससे हजारों युवाओं का स्वरोजगार मिलेगा।
ब्लॉक प्रमुख प्रीति भंडारी ने कहा इस आन्दोलन में सभी जनप्रतिनिधि एक है। नौली-धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण होना क्षेत्र हित में आवश्यक है।

# भाजयुमो ने किया युवा चौपाल का आयोजन

**धरना**

**8 -नौली-धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों को धरना दसवें दिन भी जारी**



**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा जिला कार्यालय में भाजयुमो की युवा चौपाल की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने युवाओं से आह्वान किया कि वह गांव-गांव जाकर चौपाल का आयोजन कर लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं चर्चा करें, जिससे कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका लाभ मिल सके।
भाजयुमो जिलाध्यक्ष एडवोकेट गौरव पाण्डेय ने जिला कार्यशाला की अध्यक्षता की। उन्होंने युवा चौपाल के बारे में जानकारी देते हुए जिला व मंडल पदाधिकारियों से कहा कि वह गांव-गांव जाकर युवा चौपाल का आयोजन करें। भाजयुमो पदाधिकारियों से कहा कि वह विस्तारक के रूप में नगरीय व ग्रामीण परिवेश में होने वाले इस कार्यक्रम में युवा व लोगों के साथ चौपाल लगाकर चर्चा करते हुए 2014 से पूर्व और उसके बाद के विकसित भारत की जानकारी ग्रामीणों को दें।
भाजपा सरकार की बेहतर नीति, साफ नीयत और सुदृढ़ नेतृत्व के माध्यम से युवाओं को जागरूक करते हुए भाजपा से जोड़ने को कहा। कार्यशाला का संचालन जिला मंत्री विकास गिरी ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ललित देउपा, जतिन देउपा, बालम बोहरा, अजय नरियाल, भुवन बिष्ट, विनोद बगौली, योगेश तिवारी, बलराज पाटनी, जिला उपाध्यक्ष कुमुद जोशी, प्रदीप रावत, जिला मंत्री दीवान सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अखिल प्रजापति सहित मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# घनसाली पुलिस ने टारजन ग्रुप के तीन शातिर चोर किए गिरफ्तार

**धरना**

**8 --चोरियों को अंजाम देने वाले तीनों चोर आपस में सगे भाई, लंबे समय से कर रहे चोरी**



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी पुलिस ने जनपद में विभिन्न चोरियों में शामिल टारजन ग्रुप के तीन शातिर चोरों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की, जिसमें एक चोर फरार हो गया है। उसे पकड़ने को पुलिस टीम का गठन किया गया है। चोरों को पकड़ने वाली टीम को एसएसपी ने ढाई हजार का नकद इनाम देने की घोषणा की है। टारजन ग्रुप के यह तीनों चोर सगे भाई हैं। इन पर रुद्रप्रयाग पुलिस गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी कर चुकी है।
एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि बीती 13 जनवरी को थाना घनसाली के ग्राम बौंसला निवासी कमलेश्वर प्रसाद नौटियाल और बीती 15 फरवरी को हडियाणा तल्ला के राप्रवि के प्रधानाध्यापक पुष्कर सिंह निजवाला ने चोरी को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर थाना घनसाली में चोरी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चोरों को पकड़ने के लिए थाना घनसाली, चंबा व सीआईयू की टीम गठित की गई।एसएसपी भुल्लर ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि टारजन ग्रुप के शातिर चोरों को पकड़ने को लेकर पुलिस टीम ने गहन छान-बीन करते हुए चोरी की घटनाओं में संलिप्त आरोपितों में विनोद और राकेश पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम होल्टा थाना घनसाली को एक चाकू के साथ पकड़ा है, जबकि उनका तीसरा भाई विशाल मौके से फरार हो गया। इन तीनों ने टारजन ग्रुप के तहत रुद्रप्रयाग में भी विभिन्न चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने तीनों भाइयों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की है।
एसएसपी ने बताया कि टिहरी पुलिस भी इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के साथ जिला बदर की कार्रवाई भी करेगी। इन्होंने टिहरी जनपद के चंबा व खाड़ी क्षेत्र में एक अन्य साथी सोनू बाल्मिकी के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। आरोपितों से शौर्य चक्र, जनरल सर्विस इंडिया मेडल, रक्षा मेडल, संग्राम मेडल, पच्चीसवीं स्वतंत्रता संग्राम जयंती मेडल, विद्यालय की राशन सामग्री आदि चोरी किया सामान मिला है।
उन्होंने कहा कि चोरों को पकड़ने वालों को पुरस्कृत करने सिफारिश की जायेगी। आरोपितों को पकड़ने

# कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, बोले-चीड़ कटान की दी जाए अनुमति



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य सरकार से चीड़ की प्रजाति को प्रतिबन्धित वृक्षों की श्रेणी से हटाने और वृक्ष कटान की अनुमति देने मांग की है।
कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे पत्र में कहा है कि उत्तराखंड की राज्य सरकार द्वारा वृक्षों की 15 प्रतिबन्धित प्रजातियों को छोड़कर अन्य प्रजाति के वृक्षों को निजी भूमि से काटने की अनुमति देना प्रस्तावित है।
माहरा ने कहा कि राज्य का लगभग 95 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित क्षेत्र है। इस वनाच्छादित क्षेत्र में जहां लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र में चीड़ के वृक्षों की बहुलता है, वहीं पर्वतीय क्षेत्र में परम्परागत पेयजल के स्रोतों की विलुप्ति और वनाग्नि का प्रमुख कारण भी यही चीड़ के वन हैं, जिसके चलते पर्वतीय क्षेत्र की स्थानीय जनता द्वारा चीड़ के वृक्षों के उन्मूलन की बार-बार मांग की जाती है। पर्यावरण विभाग की ओर से निजी भूमि पर उगे चीड़ के वृक्षों को भी प्रतिबन्धित प्रजाति में शामिल किया गया है। चीड़ के वृक्षों की अधिकता के कारण जहां पर्वतीय क्षेत्र के पेयजल स्रोत विलुप्त हुए हैं वहीं प्रत्येक वर्ष वनों में धधकने वाली आग से प्राकृतिक सम्पदा और खेती को भी नुकसान होता है।

# मैन ऑफ द मैच बने रविंद्र जडेजा ने बीवी को क्यों डेडिकेट किया अवॉर्ड, बोले- मेरे पीछे उसने कड़ी मेहनत की है

**नई दिल्ली.एजेंसी**

पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में भारत की जीत में कप्तान रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान और मोहम्मद सिराज सबका ही अहम योगदान रहा। यही वजह है कि राजकोट में खेले गए सीरीज के तीसरे टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुनना इतना आसान काम नहीं था। भारत की ओर से पहली पारी में बैटिंग के दौरान शतक लगाने वाले और इंग्लैंड को दूसरी पारी में 122 रनों पर समेटने में अहम भूमिका निभाते हुए पांच विकेट चटकाने वाले रविंद्र जडेजा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

रविंद्र जडेजा के लिए यह अवॉर्ड कई मायनों में बहुत खास है। सीरीज के पहले टेस्ट मैच के दौरान जडेजा चोटिल हो गए थे और दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। राजकोट टेस्ट उनके लिए कमबैक टेस्ट था, साथ ही यह उनके होमग्राउंड पर भी खेला जा रहा था।

राजकोट टेस्ट मैच से पहले रविंद्र जडेजा के पिता का एक इंटरव्यू काफी वायरल हो गया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि रविंद्र जडेजा शादी के बाद बदल गए और पत्नी रिवाबा के आने के बाद से उनके रिश्ते बेटे के साथ खराब हो गए।

इस इंटरव्यू के बाद जडेजा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी डाली थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस तरह के सभी आरोप झूठे हैं। इन सब बातों के बीच भी जडेजा के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने अपने होम ग्राउंड पर धमाकेदार बैटिंग और बॉलिंग कर टीम इंडिया की जीत की नींव रखी। राजकोट टेस्ट में जब भारतीय टीम पहली पारी में बैटिंग करने उतरी, तो 33 रनों तक तीन विकेट गिर चुके थे। रविंद्र जडेजा को बैटिंग ऑर्डर में प्रमोशन मिला और उन्होंने इसका पूरा फायदा भी उठाया।बीसीसीआई टीवी ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा से लेकर शुभमन गिल, बैटिंग कोच विक्रम राठौर सबने बताया है कि मैच का टर्निंग पॉइंट क्या रहा।

# रोहित शर्मा ने पिच को लेकर इंग्लैंड को दी खुली चुनौती...

## इन दो खिलाड़ियों की जमकर की तारीफ

**नई दिल्ली.एजेंसी**

कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को राजकोट की पाटा पिच पर इंग्लैंड पर 434 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद कहा कि भारतीय टीम किसी भी पिच पर मैच जीतने की काबिलियत रखती है।



भारत ने तीसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को जीत के लिए 557 रन का लक्ष्य देकर इंग्लैंड को महज 122 रन पर समेटकर पांच मैच की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली। रोहित ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमने इस तरह के विकेट पर पहले भी काफी मैच जीते हैं। टर्निंग पिच जहां गेंद टर्न लेती है, हमारी मजबूत बनी हुई हैं। इससे हमें संतुलन मिलता है।

उन्होंने कहा, हमने कई वर्षों तक नतीजे दिये हैं और हम भविष्य में भी नतीजे हासिल करते रहेंगे। लेकिन हम कुछ निश्चित चीजों पर काबू नहीं रख सकते जैसे हम यह चर्चा नहीं करते कि हमें रैंक टर्नर पिच चाहिए या नहीं। हम मैच से दो दिन पहले वेन्यू पर आते हैं और वैसे भी हम दो दिन में क्या ही कर सकते हैं?

कप्तान ने कहा, क्यूरेटर फैसला करते हैं और पिच तैयार करते हैं। हमारे पास किसी भी विकेट पर खेलने और मैच जीतने की ताकत है। हमने जब दक्षिण अफ्रीका में केपटाउट में मैच जीता था तो हर कोई जानता था कि वो कैसा विकेट था।

रोहित ने कहा कि भारतीय टीम ने सभी परिस्थितियों से निकलने का तरीका ढूंढ लिया है जो पहले तीन टेस्ट में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, पिछले तीन टेस्ट में, अलग अलग तरह की चुनौतियां थीं। पहले टेस्ट में हैदराबाद में गेंद स्पिन कर रही थी और पिच धीमी थी। विशाखापट्टनम में गेंद नीची रह रही थी। जैसे मैच आगे बढ़ा विकेट धीमा हो गया। यहां पहले दिन यह अच्छी रही।रोहित ने कहा, आज हमने देखा कि गेंद टर्न ले रही थी और यह धीमी थी। यह पिचों की प्रकृति में होता है, हमें भारत में इस तरह की पिचें मिलती हैं। लेकिन अगर हमें रैंक टर्नर मिलती है तो हम उन पर भी खेलेंगे।

पहली पारी में शतक जड़ने वाले और 41 रन देकर पांच विकेट झटकने वाला स्पैल डालने वाले रविंद्र जडेजा (112 रन) के बारे में रोहित ने कहा, हमने देखा है कि वह परिस्थितियों को बखूबी समझता है।

### रेलवे ने रणजी ट्रॉफी में रचा इतिहास, त्रिपुरा के खिलाफ चेज किया टूर्नामेंट का सबसे बड़ा टारगेट

**नई दिल्ली.** रणजी ट्रॉफी में उस समय इतिहास रचा गया जब मौजूदा सीजन में रेलवे की टीम ने त्रिपुरा के खिलाफ टूर्नामेंट का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया। यह कारनामा उन्होंने सोमवार को एमबीबी स्टेडियम, अगरतला में अपने अंतिम लीग मैच में किया। रेलवे की जीत के हीरो सलामी बल्लेबाज प्रथम सिंह रहे जिन्होंने 169 रनों की नाबाद पारी खेली। इस मैच की पहली पारी में जहां दोनों टीमें 200 रन का आंकड़ा नहीं छू पाई थीं, वहीं दूसरी इनिंग में दोनों टीमों ने 300 से अधिक रन बनाकर मैच को रोमांचक बना दिया। रेलवे ने यह मैच 5 विकेट के अंतर से जीता।

इस मैच में रेलवे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था, उनका यह फैसला तब सही साबित हुआ जब गेंदबाजों ने त्रिपुरा की पूरी टीम को मात्र 149 रनों पर समेट दिया। रेलवे के लिए युवराज सिंह ने सर्वाधिक 4 विकेट चटकाए थे। त्रिपुरा के इस स्कोर को देख उम्मीद जताई जा रही थी कि रेलवे की टीम बड़ा स्कोर बनाकर मैच को पारी के अंतर से जीत सकती है, मगर उनकी हालत तो त्रिपुरा से भी बुरी हुई।

# यशस्वी जायसवाल को लेकर माइकल वॉन की भविष्यवाणी, ये खिलाड़ी कई बॉलिंग अटैक बर्बाद करेगा, जैसे वीरेंद्र सहवाग करता था

**नई दिल्ली.एजेंसी**

पांच मैचों की सीरीज के तीन टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं और भारतीय क्रिकेट टीम सीरीज में 2-1 से आगे है। सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच राजकोट में खेला गया, जहां भारत ने इंग्लैंड को 434 रनों से धो डाला। राजकोट में इंग्लैंड ने बैजबॉल पर यशस्वी जायसवाल



का जैसबॉल ज्यादा भारी पड़ा। इस सीरीज में यशस्वी ने अभी तक दो दोहरे शतक लगाए हैं। यशस्वी ने तीन मैचों की छह पारियों में 109 की औसत से और 81 के स्ट्राइक रेट से 545 रन बना डाले हैं। इस सीरीज में अभी तक यशस्वी के बल्ले से 22 छक्के निकल चुके हैं, जो किसी टेस्ट सीरीज में किसी भी बैटर द्वारा जड़े गए सबसे ज्यादा छक्के हैं। यशस्वी के लिए इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने एक बड़ी भविष्यवाणी की है।वॉन ने कहा, इंडिया के पास नया वीरेंद्र सहवाग आ गया है... यशस्वी जायसवाल ऐसा खिलाड़ी है, जो क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में कई बॉलिंग अटैक को तहस-नहस कर देगा, जैसा कि वीरू किया करता था। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से रांची में खेला जाना है।

# रिकॉर्ड तोड़ दोहरे शतक के बाद अनिल कुंबले की यशस्वी जायसवाल से स्पेशल रिक्वेस्ट, कप्तान से कहो...

**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी जायसवाल का बल्ला खूब धमाल मचा रहा है। वह दो दोहरे शतकों के साथ इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनकी बल्लेबाजी की क्षमता की दुनिया कायल है, हालांकि पूर्व लेग स्पिनर अनिल कुंबले को उनसे और भी ज्यादा उम्मीदें हैं। कुंबले यशस्वी जायसवाल से ऑलराउंड परफॉर्मेंस चाहते हैं। दरअसल, यशस्वी जायसवाल ने भारत के लिए अभी तक गेंदबाजी



नहीं की है, लेकिन वह नेट्स में लगातार लेग स्पिनर गेंदबाजी का प्रयास करते रहते हैं। कुंबले ने उनसे लेग स्पिनर गेंदबाजी जारी रखने की रिक्वेस्ट मैच के बाद की है।

राजकोट टेस्ट के बाद अनिल कुंबले की यशस्वी जायसवाल से बात हुई। इस दौरान उन्होंने इस युवा खिलाड़ी से ये स्पेशल रिक्वेस्ट की। यशस्वी ने इस बातचीत के दौरान कुंबले को यह भी बताया कि कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें आगामी टेस्ट में गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहने को भी कहा है।

अनिल कुंबले ने जियो सिनेमा पर कहा, ÷आपकी बल्लेबाजी बहुत अच्छी है, लेकिन एक चीज जो मैंने देखी है और मैं चाहता हूं कि आप इसे भी जारी रखें, वह यह है कि आपके पास स्वाभाविक लेग स्पिन है। हां, और एक्शन भी।

### पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की फिर हुई किरकिरी, PSL LIVE में आई परेशानी तो भड़क उठे फैंस

**नई दिल्ली.एजेंसी**

पाकिस्तान में पाकिस्तान सुपर लीग यानी पीएसएल 2024 की शुरुआत हो चुकी है और टूर्नामेंट की शुरुआत में ही एक बड़ी समस्या का सामना आयोजकों को करना पड़ा है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की भी आलोचना हुई है, क्योंकि पीएसएल 2024 की शुरुआत के दूसरे दिन ही लाइव ब्रॉडकास्टिंग और स्ट्रीमिंग बंद हो गई। करीब 15 मिनट तक पाकिस्तान और भारत समेत तमाम देशों में ब्रॉडकास्टिंग बाधित रही।मुल्तान सुल्तान्स वर्सेस कराची किंग्स मैच में करीब 15 मिनट तक स्ट्रीमिंग और ब्रॉडकास्टिंग में परेशानी देखी गई, जिससे फैंस नाराज दिखे। उन्होंने पीसीबी को भी निशाने पर लिया। कराची किंग्स के खिलाफ मुल्तान सुल्तान्स की पारी का चौथा ओवर प्रगति पर था। मैच मुल्तान क्रिकेट



स्टेडियम में खेला जा रहा था और उसी समय लाइव फीड में दिक्कत आ गई, जिससे टीवी और अपने स्मार्टफोन पर मैच लाइव देख रहे पाकिस्तान, भारत, इंग्लैंड, यूएई और तमाम देशों के फैंस को समस्या का सामना करना पड़ा।

पीएसएल 2024 का लाइव ब्रॉडकास्ट भारत में उपलब्ध नहीं है, क्योंकि कोई भी कंपनी राइट्स नहीं खरीदती है। हालांकि, लाइव स्ट्रीमिंग फैंस फैनकोड एप पर देख सकते हैं, लेकिन यहां भी फैंस को निराशा ही हाथ लगी। पाकिस्तान में, ए स्पोर्ट्स और टेन स्पोर्ट्स के पास प्रसारण अधिकार हैं। हालांकि, दोनों ने अभी तक आउटेज पर कोई बयान जारी नहीं किया है। वहीं, PSL 2024 लाइव स्ट्रीमिंग राइट्स रखने वाले टैपमैड ने एक बयान जारी कर कहा कि उसे एक तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा था।

टैपमैड ने एक एक्स पोस्ट करते हुए कहा, हमें आपको यह बताते हुए खेद हो रहा है कि पीएसएल 9 के लाइव फीड में वर्तमान में तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, जिससे प्रसारण में रुकावट आ रही है।

# नासिर हुसैन ने की इंग्लैंड की टीम की आलोचना, बोले- बैजबॉल अटैक करने के बारे में है, लेकिन...



**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारत के खिलाफ राजकोट टेस्ट में महत्वपूर्ण अवसरों को भुनाने में इंग्लैंड की विफलता पर अफसोस जताया। इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को भारत ने 434 रनों से हराया और सीरीज 2-1 की बढ़त हासिल की। यह कहना सही होगा कि इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में भारत से करारी हार का सामना करना पड़ा है। मेजबान भारत ने मेहमान टीम इंग्लैंड को एक फ्लैट पिच पर पटकनी दी। इंग्लैंड ने उस वक्त भी फायदा नहीं उठाया, जब फैमिली मेडिकल इमरजेंसी के कारण आर अश्विन घर लौट गए थे और भारत के पास सिर्फ चार ही गेंदबाज थे। इंग्लैंड ने सीरीज के बीच में ब्रेक लिया था। इंग्लैंड की टीम दो मैचों के बाद अबु धाबी चली गई थी और तीसरे टेस्ट से पहले सीरीज को अपने पक्ष में करने के इरादे से राजकोट में उतरी, लेकिन इसमें कामयाबी नहीं मिली। तीसरे टेस्ट मैच में कुछ कठिनाइयों का सामना भले ही टीम इंडिया ने किया, लेकिन तीसरे दिन और चौथे दिन भारत ने बहादुरी से जवाब दिया और राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में टेस्ट में रनों के लिहाज से बड़ी जीत भारत ने दर्ज की। टीम इंडिया को अपनी इस जीत के बाद काफी प्रशंसा मिली। कई रिकॉर्ड भी भारत ने बनाए।

भारत के खिलाफ मिली हार के बाद इंग्लैंड टीम की आलोचना नासिर हुसैन ने भी की। उन्होंने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, ÷एक चीज जो जो रूट देखेंगे वह है उस शॉट की टाइमिंग। (रविचंद्रन) अश्विन वहां नहीं थे, भारत के पास एक गेंदबाज की कमी थी; (रविंद्र) जडेजा चोट के बाद भी खेल रहे हैं; बुमराह लगातार तीन टेस्ट से खेल रहे हैं और ऐसी चर्चा है कि उन्हें आराम की जरूरत है। बैजबॉल आक्रमण के बारे में है, लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है।

# चौथे टेस्ट से जसप्रीत बुमराह को मिलेगा आराम या नहीं? आया लेटेस्ट अपडेट

टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का चौथा टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट मैच रांची में 23 फरवरी से खेला जाना है।



**नई दिल्ली.एजेंसी**

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की सीरीज के चौथे टेस्ट मैच में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेला जाना है। बुमराह इसके बाद सीरीज के आखिरी टेस्ट मैच में खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला चौथे टेस्ट मैच के रिजल्ट पर निर्भर करेगा। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है। तीन मैचों के बाद टीम इंडिया सीरीज में 2-1 से आगे है। भारत ने राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 434 रनों की दमदार जीत दर्ज की। हैदराबाद टेस्ट भारत ने 28 रनों से गंवाया था, लेकिन इसके बाद विशाखापट्टनम टेस्ट में रोहित शर्मा एंड कंपनी ने वापसी करते हुए 106 रनों से जीत दर्ज की। भारतीय क्रिकेट टीम राजकोट से रांची के लिए 20 फरवरी को रवाना होगी। बुमराह इस दौरान टीम के साथ रांची ट्रैवल नहीं करेंगे। क्रिकबज की खबर के मुताबिक बुमराह राजकोट से अहमदाबाद जाएंगे। बुमराह के अलावा किसी और खिलाड़ी को अगले टेस्ट मैच के लिए आराम दिए जाने की खबर नहीं है। बुमराह को आराम वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत दिया जा रहा है। इस सीरीज में अभी तक सबसे ज्यादा विकेट बुमराह ने ही चटकाए हैं। बुमराह ने तीन मैचों में कुल 80.5 ओवर गेंदबाजी की है और इस दौरान उन्होंने कुल 17 विकेट चटकाए हैं। विशाखापट्टनम टेस्ट में बुमराह को मैन ऑफ द मैच भी चुना गया था।

मोहम्मद सिराज को विशाखापट्टनम टेस्ट से आराम दिया गया था और इसके बाद उन्होंने राजकोट टेस्ट में वापसी की थी। बुमराह की जगह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) किसी को रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल करेगा या मौजूदा स्क्वॉड में ही से कोई खिलाड़ी उनको रिप्लेस करेगा, इस पर फैसला जल्द लिया जा सकता है। तीसरे टेस्ट मैच से मुकेश कुमार को रिलीज किया गया था, कि वह रणजी ट्रॉफी मैच में खेल सकें, माना जा रहा है।

# बेन स्टोक्स ने की DRS से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग, कहा- भारत में...

बेन स्टोक्स ने कहा कि मेरी राय है कि अगर गेंद स्टंप्स पर लग रही है, तो यह स्टंप्स पर ही लग रही है। अगर ईमानदार से कहूं तो उन्हें अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए। मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता।



**नई दिल्ली.एजेंसी**

राजकोट टेस्ट में भारत के खिलाफ मिली करारी हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर कॉल को खत्म करने की मांग की है। स्टोक्स का यह बयान चौथे दिन जैक क्रॉली के विकेट को लेकर आया जिन्हें अंपायर कॉल के चलते आउट दिया गया। इंग्लिश कप्तान का कहना है कि वह एक दो बार नहीं बल्कि तीन बार गलत एंड पर थे। स्टोक्स ने गुहार लगाई है कि टीमों के पास समान अवसर होना चाहिए और निर्णय पूर्ण होना चाहिए।

इंग्लैंड की दूसरी पारी के 9वें ओवर में जब जसप्रीत बुमराह की गेंद क्रॉली के पैड पर लगी तो अंपायर कुमार धर्मसेना ने अपनी उंगली उठा दी। इंग्लिश ओपनर ने डीआरएस का विकल्प चुना और बॉल-ट्रैकर ने दिखाया कि गेंद लेग स्टंप को छूकर जा रही है, जिससे क्रॉली को वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मैच के बाद स्टोक्स और मैकुलम को मैच रेफरी जेफ क्रो के साथ बातचीत करते देखा गया।मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए स्टोक्स ने कहा कि वह मानते हैं कि अंपायरों का काम काफी कठिन है और अस्पष्टताओं को दूर करने की जरूरत है। बेन स्टोक्स ने कहा, ÷हम इस मैच में तीन बार अंपायर कॉल पर गलत एंड पर रहे हैं और यह खेल का हिस्सा है। आप या तो सही पक्ष पर हैं या गलत पक्ष पर। दुर्भाग्य से, हम गलत पक्ष पर रहे। आप बस समान अवसर चाहते हैं। अंपायरों का काम अविश्वसनीय रूप से कठिन होता है, खासकर भारत में जब गेंद घूम रही होती है।

उन्होंने आगे कहा, मेरी निजी राय है कि अगर गेंद स्टंप्स पर लग रही है, तो वह स्टंप्स पर ही लग रही है।

अगर मैं पूरी तरह से ईमानदार हूं तो उन्हें अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए। मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता क्योंकि ऐसा लगता है हम कराह रहे हैं और कह रहे हैं कि इसीलिए हम टेस्ट मैच हार गए।बात मुकाबले की करें तो भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा के शतकों के दम पर 445 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर के सामने इंग्लैंड की पहली पारी 319 रनों पर सिमट गई थी।

